**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**29.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- देशभर में स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान के तहत अब तक 3 करोड़ 60 लाख से अधिक लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच।
- उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में निर्णायक बदलाव लाने के लिए सरकार प्रयासरत।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप वर्तमान सरकार ने अपने कार्यकाल में जनता को परेशान करने का किया काम।
- सोलन में जीएसटी बचत उत्सव के दौरान लोगों को जीएसटी कटौती के बारे में किया गया जागरूक।

**नड्डा**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत देशभर में अब तक नौ लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाये गये हैं। नई दिल्ली में आज एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित स्वास्थ्य सम्मेलन में उन्होंने बताया कि अब तक 3 करोड़ 60 लाख से अधिक लोगों की जाँच हुई है। उन्होंने कहा कि दो अक्तूबर तक जांच की संख्या चार करोड़ को पार करने की संभावना है।

**अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में निर्णायक बदलाव लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ऊना जिले के पालकवाह में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि 2 हज़ार करोड़ रूपए की लागत से बन रहे बल्क ड्रग पार्क को केंद्र से पर्यावरणीय मंजूरी मिल चुकी है और ये परियोजना न केवल हरोली बल्कि पूरे प्रदेश के लिए आर्थिक विकास का नया अध्याय लिखेगी। अग्निहोत्री ने बताया कि हरोली विधानसभा क्षेत्र के लिए सौ करोड़ रूपए की नई सिंचाई योजना स्वीकृत हुई है। इससे क्षेत्र में सिंचाई सेवाएं और अधिक सुदृढ़ हो सकेंगी। उन्होंने हरोली कॉलेज परिसर में पांच करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले कन्या छात्रावास का भी शिलान्यास किया।

**नशा निवारण**

राज्य सरकार नीति आयोग, पी.जी.आई और स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर नशा निवारण व पुनर्वास के लिए कार्य योजना तैयार कर रही है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार प्रदेश में नशीली दवाओं के दुरूपयोग पर अंकुश लगाने और नशे की लत से प्रभावित युवाओं को समाज की मुख्य धारा में वापिस लाने के लिए एक द्वी–आयामी रणनीति अपनाई गई है। उन्होंने बताया कि सरकार के प्रयासों से मंडी, लाहौल स्पीति, चंबा, सोलन और सिरमौर जिलों में पांच नए नशा मुक्ति केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। प्रवक्ता के अनुसार जन–जागरूकता प्रयासों के तहत पांच लाख 76 हज़ार से अधिक लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया है।

**सेवा पर्व–रेलवे**

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला–सेवा पर्व में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार के रेलवे सुधार भारत की जीवनरेखा

का आधुनिकीकरण कर रहे हैं, विश्व स्तरीय यात्रा, बेहतर सुरक्षा और प्रत्येक नागरिक के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

*पिछले एक दशक में हुए रेल सुधारों ने देश में क्रांति ला दी है और देश की जीवनरेखा को प्रगति के केंद्र में बदल दिया है। मोदी सरकार के कार्यकाल में भारतीय रेलवे यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक और सुरक्षित हुआ है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारतीय रेलवे कनेक्टिविटी का एक निर्बाध सूत्र बुन रहा है।*

*सरकार ने यात्रा को सुरक्षित और आरामदायक बनाने के लिए अमृत भारत ट्रेन और नमो भारत रैपिड रेल भी शुरू की है। अगले दो–तीन वर्षों में आम जनता के यात्रा अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए 200 नई वंदे भारत ट्रेनें, 100 अमृत भारत ट्रेनें, 50 नमो भारत रैपिड रेल और 17,500 जनरल नॉन–एसी कोच चलाने की योजना है।*

*अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1300 से ज़्यादा स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है, जिससे विश्व स्तरीय सुविधाएँ सुनिश्चित होंगी। भारतीय रेलवे ने कवच नामक एक अत्याधुनिक स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली भी शुरू की है जो सुरक्षा की एक अटूट परत प्रदान करती है और ट्रेन संचालन के लिए उच्चतम सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करती है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए, 2030 तक एक श्भविष्य के लिए तैयारश रेलवे प्रणाली बनाने के लिए एक राष्ट्रीय रेल योजना तैयार की गई है, जिसका उद्देश्य आम आदमी को परिवहन का एक सस्ता, सुरक्षित और विश्वसनीय साधन प्रदान करना है।*

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने अपने कार्यकाल में राहत देने के बजाए जनता को परेशान करने का काम किया है। शिमला में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जहां एक ओर केन्द्र सरकार ने सीमेंट पर जी.एस.टी. कम कर राहत दी, वहीं प्रदेश सरकार ने सीमेंट पर अतिरिक्त कर लगा दिया है, जिससे जनता को सीमेंट महंगा मिलेगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि अपने कार्यकाल में सरकार ने 2 हजार से अधिक संस्थान बंद किए हैं और युक्तिकरण के नाम पर हर विभाग में पद समाप्त किए जा रहे हैं।

**जीएसटी उत्सव**

भाजपा ने सोलन में आज जी.एस.टी. बचत उत्सव का आयोजन किया। इस दौरान लोगों को जी. एस.टी. में की गई कटौती के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा जी.एस.टी. में कटौती के फैसले को सर्वहितकारी करार दिया और कहा कि इससे हर वर्ग को राहत मिलेगी।

**वन अधिकार**

वन अधिकार अधिनियम 2006 से जुड़ी जटिलताओं को समझाने के लिए शिमला जिले के चौपाल में आज एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने अधिनियम की बारीकियों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि सरकार ये प्रयास कर रही है कि अधिनियम का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंच सके।

**कुल्लू दशहरा**

कुल्लू का अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव 2 अक्तूबर से शुरू होने जा रहा है, जो 8 अक्तूबर तक चलेगा। हर वर्ष इस उत्सव में भाग लेने के लिए प्रदेश सहित देश–विदेश से लोग पहुंचते हैं। जिला प्रशासन ने उत्सव के सफल आयोजन के लिए लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने आज कुल्लू में एक बैठक कर विभिन्न भागों के अधिकारियों व उत्सव के लिए गठित उपसमितियों को ज़रूरी दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्सव में आयोजित किए जाने वाले सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। ट्रैफिक की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा जिले में 21 पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए हैं।

**राजभाषा**

भाषा व संस्कृति विभाग जिला शिमला द्वारा राजभाषा पखवाड़े के अवसर पर आज गेयटी थियेटर में विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई। इनमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों के स्कूली विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। समापन समारोह में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ज्योति राणा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने भाषा व संस्कृति विभाग की सराहना करते हुए कहा कि विभाग राजभाषा हिंदी के प्रचार–प्रसार के लिए बेहतरीन कार्य कर रहा है।

**नवरात्र**

शारदीय नवरात्र के सातवें दिन आज माँ दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। मां का यह स्वरूप अनंत और व्यापक है। कालरात्रि अर्थात काल को जीतने वाली है। मां काली की पूजा से सब कुछ सिद्ध होता है। प्रदेश में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठों में श्रद्धालु सुबह से ही पूर्ण श्रद्धा व आस्था से पूजा–अर्चना कर रहे है। राज्य के अन्य धार्मिक स्थलों में भी भजन–कीर्तन से माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- देशभर में स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान के तहत अब तक 3 करोड़ 60 लाख से अधिक लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच।
- उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में निर्णायक बदलाव लाने के लिए सरकार प्रयासरत।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप वर्तमान सरकार ने अपने कार्यकाल में जनता को परेशान करने का किया काम।
- सोलन में जीएसटी बचत उत्सव के दौरान लोगों को जीएसटी कटौती के बारे में किया गया जागरूक।

——————————————